Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up steel plant in Keonjhar Parliamentary Constituency, Odisha.

कुमारी चन्द्राणी मुर्मु (क्योंझर): अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले मैं आपको बहुत-बहुत शुक्रिया करना चाहती हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया है । मैं पहली बार सांसद के रूप में चुनकर आई हूं । मैं संसद भवन में उपस्थित सभी सांसदों और सारे विश्ववासियों को पवित्र 'रथ यात्रा' के पावन अवसर पर बहुत-बहुत बधाई भी देती हूं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में उपस्थित सभी सांसदों, इस्पात मंत्रालय तथा सरकार को अवगत कराना चाहती हूं कि मेरा संसदीय क्षेत्र क्योंझर, ओडिशा है, यह प्राकृतिक सम्पदा से भरा हुआ जिला है । यहां से आयरन ओर देश के विभिन्न हिस्सों में तथा देश के बाहर भी सप्लाई किया जाता है, जिससे कि सरकार को फाइनेंशियल बेनिफिट मिलता आ रहा है । मेरे क्षेत्र में ज्यादातर आदिवासी रहते हैं, जो कि जंगल की लकड़ी या द्रव्यों को बेचकर अपना गुजारा करते हैं, लेकिन माइनिंग के कारण उन्हें दूसरे जिलों या राज्यों में काम ढूंढ़ने के लिए जाना पड़ता है । मेरे क्षेत्र में एक स्टील प्लांट बनाने के लिए सारे प्रावधान हैं । रॉ मैटीरियल से मेरा संसदीय क्षेत्र भरा पड़ा है । यदि मेरे क्षेत्र में स्टील प्लांट बनाया जाता है, तो बहुत सारी जॉब ओपोरच्युनिटीज क्रिएट की जा सकती हैं । इससे इस जिले के साथ-साथ बाहर के दूसरे जिलों या राज्यों के शिक्षित, अशिक्षित तथा अर्द्धशिक्षित सारे वर्ग के लोगों को रोजगार मिलेगा ।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी एवं सरकार से निवेदन करना चाहती हूं कि जिस तरह ओडिशा के राउरकेला में केंद्र सरकार के माध्यम से एक स्टील प्लांट बनाया गया है, उसी तरह क्योंझर में एक मेगा स्टील प्लांट केंद्र सरकार के माध्यम से बनाया जाए और जिलेवासियों को उनका हक दिलाया जाए ।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को कुमारी चन्द्राणी मुर्मु द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्रीमती प्रमिला बिसाई । माननीय सदस्यो, प्रमिला बिसाई जी वह सदस्या हैं, जो एक ही गांव में 70 हजार सेल्फ हेल्प ग्रुप के सभी सदस्यों को सिखाने का काम करती हैं ।